सत्यमेव जयते

## राजस्थान सरकार

# युवा मामले एवं खेल विभाग

## प्रगति प्रतिवेदन
## 2021-2022

राजस्थान राज्य
क्रीड़ा परिषद्

# राजस्थान सरकार
# युवा मामले एवं खेल विभाग

## प्रगति प्रतिवेदन
## 2021–22

युवा मामले एवं खेल विभाग, राज्य में खिलाडियों को प्रोत्साहित करने, खेल वातावरण तैयार करने, आधारभूत खेल सुविधाएं विकसित करने, युवाओं में राष्ट्रीय एकता, शान्ति, सद्भाव तथा युवाओं के चारित्रिक विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

प्रमुख शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग के नेतृत्व में सचिवालय स्तर पर एक उप शासन सचिव, एक सहायक शासन सचिव, एक लेखाधिकारी, एक अनुभागाधिकारी, तीन सहायक अनुभागाधिकारी, एक वरिष्ठ लिपिक, एक कनिष्ठ लिपिक एवं दो सहायक कर्मचारियों द्वारा युवा मामले एवं खेल विभाग से संबंधित समस्त कार्य सम्पादित किये जाते है। युवा मामले एवम् खेल विभाग के अधीन राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर जो कि स्वायत्तशासी अनुदानित संस्थाएं है–

**बजटः–**

**वार्षिक योजना वास्तविक 2021–22 एवं प्रस्तावित 2022–23**

(राशि रू. लाखों में)

| क्र.सं. | मद | वास्तविक बजट वर्ष 2021–22 | प्रस्तावित बजट 2022–23 |
|---|---|---|---|
| 1 | राज्य युवा बोर्ड | 70.00 | 100.00 |
| 2 | युवा गतिविधियां | 10.00 | 130.00 |
| 3 | खेल गतिविधियां | 5800.00 | 1500.00 |
| 4 | स्टेडियम निर्माण | 7637.50 | 5744.00 |
| 5 | एस.सी.एस.पी. | 4582.50 | 1491.00 |
| 6 | टीएसपी | 3055.00 | 1127.01 |
| | कुल | 21155.00 | 10092.01 |

# <u>राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्</u>
## <u>सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर</u>

### 1. <u>प्रस्तावना</u> :–

- ❖ राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जो प्रदेश में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियन्त्रण में राज्य में खेलों के विकास की सर्वोच्च संस्था है। स्थापना के पश्चात क्रीड़ा परिषद ने विगत 64 वर्षों के इतिहास में राज्य के खेलों के विकास में अपनी महती भूमिका निभाई है।
- ❖ राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए **खिलाड़ियों को ''महाराणा प्रताप पुरस्कार''** से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 1982–83 से महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 तक राजस्थान के 170 खिलाडियों को महाराणा प्रताप पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका हैं। पिछले तीन सालों से कोरोना महामारी आदि के कारण यह पुरस्कार नही दिये जा सकें है। महाराणा प्रताप पुरस्कार में चयनित खिलाडियों को वर्तमान में रू. 1 लाख की नकद राशि, महाराणा प्रताप की ब्रास प्रतिमा, ब्लेजर मय टाई एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता हैं।
- ❖ क्रीड़ा परिषद ऐसे **खेल प्रशिक्षकों** को भी **''वशिष्ठ पुरस्कार''** से सम्मानित करती है जो राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को तराश कर योग्य खिलाड़ी बनाते हैं। वर्ष 1985–86 से यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 तक 40 खेल प्रशिक्षकों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। पिछले तीन सालों से कोरोना महामारी आदि के कारण यह पुरस्कार नही दिये जा सकें है। गुरू वशिष्ठ पुरस्कार में प्रशिक्षकों को वर्तमान में रू. 1 लाख की नकद राशि, गुरू वशिष्ठ की ब्रास प्रतिमा, ब्लेजर मय टाई एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता हैं।
- ❖ भारत में खेलों के विकास को नई दिशा प्रदान करने के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद श्रेय की पात्र है। खेल परिषद ने देश में पहली बार राज्य के चयनित खिलाडियों हेतु आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की परम्परा डाली, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा व अनुकरण किया गया। परिषद ने पर्वतीय स्थल माउण्ट आबू में सन् 1959 में पहले खेलकूद प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की। वर्ष 2020 व 21 में कोविड–19 महामारी के कारण कोई शिविर का आयोजन नही किया गया।
- ❖ खेल परिषद द्वारा जनजाति क्षेत्रों की प्रतिभाओं को तलाश कर तराशने के लिए ग्रीष्मावकाश में पृथक से आवासीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2020 व 2021 में कोविड–19 महामारी के कारण कोई शिविर का आयोजन नही किया गया।

## 2. क्रीड़ा परिषद का गठन :–

- ❖ राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के संरक्षक (PATRON) राज्य के राज्यपाल हैं। राज्य के मुख्यमंत्री भी परिषद के उप संरक्षक हैं। परिषद के अध्यक्ष मुख्य कार्यकारी होते हैं। इसके अलावा परिषद में उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व राज्य सरकार द्वारा मनोनीत 12 से अनाधिक सदस्य होते हैं। जबकि 6 अधिकारी इसके पदेन सदस्य होते है। परिषद के प्रथम अध्यक्ष श्री वी.जी. कानेटकर थे। दिनांक 22 जनवरी, 2022 से अध्यक्ष का कार्यभार **श्री नरेश कुमार ठकराल** (शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग) संभाले हुये हैं।

## 3. प्रशासनिक व्यवस्था :–

- ❖ राज्य में खेल गतिविधियों के संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन के लिये विभिन्न संवर्ग के **331 पद** सृजित है जिसमें से **221 पद** भरे हुए है व **120 पद** खाली है। इसमें परिषद के सचिव सहित अधिकारी संवर्ग के **26** कार्मिक, अधिनस्थ संवर्ग के **95** कार्मिक, मंत्रालयिक संवर्ग के **40** कार्मिक एवं सहायक संवर्ग के **48** कार्मिक कार्यरत है। प्रदेश में निःशुल्क खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये खेल प्रशिक्षकों के **148** पद स्वीकृत है जिसमें वर्तमान **88** खेल प्रशिक्षक प्रशिक्षण का कार्य कर रहे है।
- ❖ राज्य के सभी 33 जिलों में खेलों को बढ़ावा देने व नियमित प्रशिक्षण देने के लिए **जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र** के कार्यालय कार्यरत हैं। इन कार्यालयों में परिषद का एक खेल अधिकारी/प्रभारी, कनिष्ठ लिपिक तथा जिलों में प्रचलित खेलों के आधार पर आवश्यकता एवं उपलब्धता अनुसार प्रशिक्षकों को पदस्थापित किया जाता हैं। कार्यालयों व मैदानों के रख–रखाव के लिए चौकीदार एवं गेम्सबॉय भी कार्यरत रहते हैं।
- ❖ जिला खेल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं प्रशिक्षकों के सहयोग से विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ–साथ जिले के होनहार खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण देने का कार्य भी करते हैं।

## 4. आय–व्यय :–

| क्र.सं. | मद | 2021–22 में बजट राशि | | 2021–22 में व्यय राशि दिसम्बर 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | राशि (लाखों में) | योग (लाखों में) | राशि (लाखों में) | योग (लाखों में) |
| 1 | राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद :– | | | | |
| | राज्य निधि "योजनाऐं" एवं राज्य निधि "योजनाओं के अतिरिक्त" | 3430.00 | 3430.00 | 1981.18 | 1981.18 |

## 5. अनुदान :–

### खिलाडियों को जारी स्वीकृतियों का वर्षवार विवरण

| क.सं. | वर्ष | स्वीकृत | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | खिलाडी | स्वीकृत राशि | खिलाडी | राशि |
| 1 | 2019–20 | 154 | 31510034 | 135 | 29872394 |
| 2 | 2020–21 | 431 | 174811311 | 392 | 170212145 |
| 3 | 2021.22 | 2200 | 133922260 | 40 | 20000000 |
| कुल | | **2785** | **340243605** | **567** | **220084539** |

### खेल संस्थाओं को जारी स्वीकृतियों का वर्षवार विवरण

| क.सं. | वर्ष | स्वीकृत | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्था | स्वीकृत राशि | संस्था | राशि |
| 1 | 2019–20 | 27 | 12768000 | 27 | 12768000 |
| 2 | 2020–21 | 10 | 4300000 | 10 | 4300000 |
| 3 | 2021–22 | 10 | 3650000 | 8 | 1950000 |
| कुल | | **47** | **20718000** | **45** | **19018000** |

### वर्ष 2021–22 की अनुदान शाखा की प्रगति रिपोर्ट

- श्रेणी ए,बी व सी के 34 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को राशि रू0 15500000/– की विभागीय स्वीकृत प्राप्त हो चुकी है, जिनमें से 31 खिलाडियों को राशि रू0 15000000 का भुगतान किया जा चूका है।
- राज्य स्तरीय श्रेणी–'ए' के 10 खेलों के लिए 1539 खिलाडियों की राशि रू0 8,53,76,450/– विभागीय स्वीकृति प्राप्त हो चूकीं है जिनके भुगतान की कार्यवाही प्रकियाधीन है।
- राज्य स्तरीय श्रेणी 'बी' एवं 'सी' तथा डीफ व डम्ब व पैरा खेलों के मार्च, 2017 तक 601 खिलाडियों को राशि रू0 217.00 लाख (दो करोड सत्रह लाख रूपये मात्र) की विभागीय प्राप्त हो चुकीं है। जिनके भुगतान की कार्यवाही प्रकियाधीन है।
- किट एवं उपकरण 17 खिलाडियों को किट एवं उपकरण हेतु अनुदान राशि 63,08,997.00/– (त्रेसठ लाख आठ हजार नौ सौ सत्तानवें रूपये मात्र) की विभागीय स्वीकृति प्राप्त हो चूकीं है, जिनकी भुगतान की कार्यवाही प्रकियाधीन है।

## 6. खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम :–

खेल परिषद राज्य में खेलकूद प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से, खेल प्रतिभाओं और खेलों को बढावा देने व होनहार खेल प्रतिभाओं को तराशने हेतु विभिन्न खेल गतिविधियों का संचालन करती है। इनमें से मुख्य गतिविधियां निम्नानुसार हैः–

- ❖ नियमित प्रशिक्षण
- ❖ केन्द्रीय आवासीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर
- ❖ केन्द्रीय जनजाति आवासीय प्रशिक्षण शिविर
- ❖ राज्य स्तरीय जनजाति प्रतियोगिता
- ❖ प्रतिभाखोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर
- ❖ गुरू वशिष्ठ पुरस्कार
- ❖ महाराणा प्रताप पुरस्कार
- ❖ राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं इससे पूर्व प्रशिक्षण शिविर

### हैण्डबॉल बालक और तीरंदाजी बालक व स्पोर्ट्स स्कूल शुरू

❖ माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2021–22 आवासीय खेल अकादमियों एवं खेल स्कूल का संचालन दिनांक 22.11.2021 से किया जा रहा है :–

| क्र. सं. | बजट घोषणा | विवरण | स्थान | वर्ष | स्वीकृत संख्या | उपस्थित खिलाड़ी | खेलों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2021–22 की घोषणा संख्या–65 की अनुपालना मै। | बालक हैण्डबाल अकादमी | जैसलमेर | 2021 | 20 | 20 | हैण्डबाल |
| 2. | | बालक तीरन्दाजी अकादमी | डूंगरपुर | 2021 | 15 | 15 | तीरन्दाजी |
| 3. | माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2021–22 की घोषणा संख्या–63 की अनुपालना में। | आवासीय खेल स्कूल | एस.एम.एस. स्टेडियम जयपुर | 2021 | कुल स्वीकृति 75 एवं प्रथम वर्ष हेतु 40 खिलाडी | 36 | बास्केटबाल वालीबाल हैण्डबाल, कबड्डी, एथलेटिक्स, तीरन्दाजी, बैडमिन्टन, जुडो |
| 4. | | | जोधपुर | प्रक्रियाधीन | 40 | – | प्रक्रियाधीन। |

## 7. खेल अकादमियां :–

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद्, जयपुर द्वारा खेल विशेष के चयनित खिलाड़ियों को एक स्थान पर आवासित कर उनके खेलों में तकनीकी दीक्षा उपलब्ध करवाने हेतु अकादमियों का

संचालन कर योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसमें 10 खेलों में 17 अकादमियों का संचालन राज्य के 11 जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

| क्र. सं. | खेल अकादमी / छात्रावास | स्थान | स्थापना वर्ष | स्वीकृत खिलाडियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालक फुटबाल अकादमी | जोधपुर | 2010 | 30 |
| 2 | बालिका हॉकी अकादमी | अजमेर | 2008 | 30 |
| 3 | बालक बास्केटबाल अकादमी | जैसलमेर | 2012 | 30 |
| 4 | बालिका बास्केटबाल अकादमी | जयपुर | 2007 | 20 |
| 5 | बालिका एथलेटिक्स अकादमी | जयपुर | 2011 | 15 |
| 6 | बालिका वॉलीबाल अकादमी | जयपुर | 2011 | 16 |
| 7 | बालिका तीरन्दाजी अकादमी | जयपुर | 2013 | 15 |
| 8 | बालिका हैण्डबाल अकादमी | जयपुर | 2013 | 18 |
| 9 | बालक कबड्डी अकादमी | करौली | 2011 | 18 |
| 10 | बालक तीरन्दाजी अकादमी | उदयपुर | 2013 | 15 |
| 11 | बालक वॉलीबाल अकादमी | झुंझुनूं | 2013 | 24 |
| 12 | बालक एथलेटिक्स अकादमी | श्रीगंगानगर | 2013 | 20 |
| 13 | बालक हॉकी अकादमी | जयपुर | 2015 | 25 |
| 14 | बालक बास्केटबाल अकादमी (सीनियर वर्ग) | जयपुर | 2015 | 25 |
| 15 | बालक कुश्ती अकादमी | भरतपुर | 2017 | 30 |
| 16 | बालिका फुटबाल अकादमी | कोटा | 2018 | 30 |
| 17 | बालक साईक्लिंग अकादमी | बीकानेर | 2017 | 30 |
| **कुल संख्या** | | | | **391** |

उपरोक्त अकादमियों में आवासित सभी खिलाडियों को नियमानुसार निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, सीमित चिकित्सा, शिक्षा, खेल प्रशिक्षण, खेल किट, ट्रेक–सूट, जूते, स्वेटर व अन्य सुविधाऐं मुहैया करवाई जाती है।

**नोटः–** कोविड–19 महामारी के चलते वर्ष 2020–21 व 2021–22 में अकादमियों का संचालन नहीं किया गया।

## 8. स्टेडियम निर्माण एवं विकास कार्य :–

समन्वित स्टेडियम (आधारभूत सुविधाऐं) विकास कार्यक्रम, 2015 लागू किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक संभाग, जिला, तहसील व ग्राम पंचायत स्तर पर खेल स्टेडियम निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किये जाने का प्रावधान रखा गया है :–

| क्र. सं. | स्थान | अनिवार्य भूमि | खेल सुविधाओं का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | संभाग स्तर के स्टेडियम | 10.00 हैक्टेयर | 400 मी0 एथलेटिक ट्रेक, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, टेनिस, खो–खो, कबड्डी मैदान, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | तरणताल, इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं कुश्ती इत्यादि), कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा, जिम्नेजियम, सिंथेटिक कवर रूप गैलेरी (10,000 सिटिंग कैपेसिटी) एवं लाईट व्यवस्था नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 2 | जिला स्तर के स्टेडियम | 8.68 हैक्टेयर | 400 मी0 एथलेटिक ट्रेक, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, टेनिस, खो–खो, कबड्डी मैदान, इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं कुश्ती इत्यादि), कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा, जिम्नेजियम, सिंथेटिक कवर रूप गैलेरी (10,000 सिटिंग कैपेसिटी) एवं लाईट व्यवस्था नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 3 | उपखण्ड / तहसील पंचायत समिति स्तर के स्टेडियम | 8.00 हैक्टेयर | 200 मी0 एथलेटिक ट्रेक, बास्केटबाल, वॉलीबाल, खो–खो / कबड्डी मैदान, कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा एवं जिम्नेजियम नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 4 | ग्राम पंचायत समिति | 3.00 एकड | स्थानीय स्तर पर जिला परिषद के माध्यम से मनरेगा योजनान्तर्गत प्रचलित At List One Outdoor Game का मैदान बनाये जाने का प्रावधान है। |

## 1. मेजर ध्यानचंद योजना के अन्तर्गत स्टेडियम निर्माण एवं विकास कार्य

बजट घोषणा वर्ष 2021–22 के बिन्दु संख्या–61 (1) में **''मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम योजना''** को प्रदेश में लागू करने की घोषणा की गई है। जिसके अन्तर्गत समन्वित स्टेडियम (आधारभूत खेल संरचनाऐं) विकास कार्यक्रम–2015 अन्तर्गत तहसील एवं पंचायत समिति स्तर पर विधायक–सांसद निधि / जनप्रतिनिधि / जन सहयोग / सीएसआर से प्राप्त राशि के बराबर या अधिकतम राज्य सरकार द्वारा 25.00 लाख तक का प्रावधान किया गया है। जिसके अनुसार राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति जारी की जाती है।

## 2. वर्ष 2021–22 की बजट घोषणाओं में सम्मिलित कार्य

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2021–22 की बजट घोषणाओं के संबंध में युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 11.11.2021 को निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है :–

| बजट घोषणा संख्या | क्र. स. | स्थान का नाम | कार्य का नाम | युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा | युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | स्वीकृत राशि (करोड में) | वित्तीय स्वीकृत राशि (करोड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| बिन्दु संख्या–61 (ii) | 1 | मोरोली (भरतपुर) | खेल स्टेडियम | 2.50 | 1.00 |
| | 2 | काछवा (सीकर) | खेल सुविधा | 2.50 | 1.00 |
| बिन्दु संख्या–61 (iii) | 3 | अजमेर संभाग | मुख्यालय पर मल्टीपरपज इन्डोर हॉल | 7.50 | 2.50 |
| | 4 | भरतपुर संभाग | मुख्यालय पर मल्टीपरपज इन्डोर हॉल | 7.50 | 2.50 |
| | 5 | बीकानेर संभाग | मुख्यालय पर मल्टीपरपज इन्डोर हॉल | 7.50 | 2.50 |
| बिन्दु संख्या–61 (iv) | 7 | राजसमंद | जिला मुख्यालय पर खेल स्टेडियम | 8.98 | 3.00 |
| | 8 | सिरोही | जिला मुख्यालय पर खेल स्टेडियम | 8.98 | 3.00 |
| सामान्य वाद–विवाद दिनांक 04.03.2021 की घोषणा के बिन्दु संख्या–9 | 10 | डीग (भरतपुर) | खेल स्टेडियम | 2.50 | 1.00 |
| | 11 | कुम्हेर (भरतपुर) | खेल स्टेडियम | 2.50 | 1.00 |
| वित्त एवं विनियोग विधेयक चर्चा दिनांक 18.03.2021 की घोषणा के बिन्दु संख्या–28 | 12 | केकडी (अजमेर) | खेल स्टेडियम | 2.50 | 1.00 |
| | 13 | बिछीवाडा (डूंगरपुर) | मिनी स्टेडियम | 2.00 | 1.00 |
| **कुल राशि रूपये (करोडों में)** | | | | **54.96** | **19.50** |

उपरोक्त निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

## 9.अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2021–22 में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ीः–

| क्र. सं | खिलाड़ी का नाम | खेल | प्रतियोगिता का विवरण | दिनांक | स्थान | पदक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्यांश सिंह पंवार | निशानेबाजी | ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप (10 मी. एयर राइफल स्पर्द्धा) | 31.01.2021 | दिल्ली | स्वर्ण |
| | | | आईएसएसएफ विश्व कप (10 मी. एयर राइफल स्पर्द्धा) | 21.03.2021 | | कांस्य |
| 2 | अरूंधति चौधरी | बॉक्सिंग | 30वीं एड्रियाटिक पर्ल मुक्केबाजी प्रतियोगिता (69 क्रिगा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 23.02.2021 | मोंटेनेग्रो (बुडवा) | स्वर्ण |
| 3 | अवनी लेखरा | पैरा–निशानेबाजी | निशानेबाजी पैरा वर्ल्ड कप (10 मी. एयर राइफल स्टैडिंग स्पर्द्धा) | 24.03.2021 | यूएई अल आइन | रजत |
| **4** | **अवनी लेखरा** | **पैरा–निशानेबाजी** | **टोक्यो पैरा–ओलंपिक (10 मी एयर राइफल एसएच–1 स्पर्द्धा)** | **31.08.2021** | **टोक्यो** | **स्वर्ण** |
| | | | **टोक्यो पैरा–ओलंपिक (50 मी. राइफल थ्री पोजिशन एसएच 1 स्पर्द्धा)** | **03.09.2021** | **टोक्यो** | **कांस्य** |
| **5** | **देवेन्द्र झांझडिया** | **पैरा–एथलेटिक्स** | **टोक्यो पैरा–ओलंपिक (जैवलिन थ्रो स्पर्द्धा)** | **31.08.2021** | **टोक्यो** | **रजत** |
| **6** | **सुन्दर सिंह गुर्जर** | **पैरा–एथलेटिक्स** | **टोक्यो पैरा–ओलंपिक (जवलिन थ्रो स्पर्द्धा)** | **31.08.2021** | **टोक्यो** | **कांस्य** |

| 7 | कृष्णा नागर | पैरा–बैडमिन्टन | टोक्यो पैरा–ओलंपिक (बैडमिन्टन एसएच 6 स्पर्द्धा) | 06.09.2021 | टोक्यो | स्वर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | आत्मिका गुप्ता | निशानेबाजी | आई.एस.एस.एफ जूनियर वर्ल्डकप प्रतियोगिता (10 मी एयर राइफल टीम स्पर्द्धा) | 04.10.2021 | लिमा (पैरू) | रजत |
| 9 | निशा कंवर | निशानेबाजी | आई.एस.एस.एफ जूनियर वर्ल्डकप प्रतियोगिता (10 मी एयर राइफल टीम स्पर्द्धा) | 04.10.2021 | लिमा (पैरू) | रजत |
| 10 | विवान कूपर | निशानेबाजी | जूनियर विश्व कप प्रतियोगिता (शॉटगन ट्रैप टीम स्पर्द्धा) | 08.10.2021 | लिमा (पैरू) | रजत |
| 11 | विनय प्रताप सिंह | निशानेबाजी | आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड निशानेबाजी प्रतियोगिता (शॉटगन डबल ट्रैप स्पर्द्धा) | 10.10.2021 | लिमा (पैरू) | स्वर्ण |
| 12 | मानवी सोनी | निशानेबाजी | आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड निशानेबाजी प्रतियोगिता (महिलाओं डबल ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 10.10.2021 | लिमा (पैरू) | स्वर्ण |
| 13 | जाहनवी काजला | टेनिस | आईटीएफ एशियन गर्ल्स अंडर–12 टीम प्रतियोगिता | 29.11.2021 | कजाकिस्तान | रजत |
| 14 | ईशान खंडेलवाल | पैरा–एथलेटिक्स | एशियन पैरा यूथ गेम्स (1500 मी. दौड स्पर्द्धा) | 10.12.2021 | बहरीन | स्वर्ण |
| 15 | अरविंद सिंह | नौकायन | एशियन रोइंग प्रतियोगिता (लाइटवेट पुरूष सिंगल स्कल्स स्पर्द्धा) | 13.12.2021 | थाईलैण्ड | स्वर्ण |
| 16 | अजय सिंह | वेटलिफ्टिग | वेटलिफ्टिग प्रतियोगिता (81 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्द्धा) | 14.12.2021 | ताशकंद | स्वर्ण |

## 10. राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2021–22 में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ीः–

| क्र. सं | खिलाड़ी का नाम | खेल | प्रतियोगिता का विवरण | दिनांक | स्थान | पदक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरू | एथलेटिक्स | जूनियर नेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन कप (बालिका वर्ग 3000 मी. रेस स्पर्द्धा) | 28.01.2021 | भोपाल | स्वर्ण |
| | | | नेशनल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता (अंडर–20 6 कि.मी रेस स्पर्द्धा) | 22.02.2021 | चंडीगढ | रजत |
| | | | नेशनल अंडर–23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता (10 हजार मी रेस स्पर्द्धा) | 30.09.2021 | नई दिल्ली | कांस्य |
| 2 | भगवती | एथलेटिक्स | जूनियर नेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन कप (बालिका वर्ग 4.00मी थ्रो स्पर्द्धा) | 28.01.2021 | भोपाल | स्वर्ण |
| 3 | गौरव जोशी | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (40 कि.मी. एंड्डरेंस व्यक्तिगत स्पर्द्धा ) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 4 | ज्योति | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी | 30.01.2021 | जयपुर | रजत |
| 5 | शांतनु चुड़ामणि | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (यंग राइडर व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | अनिरूद्ध सिंह | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (यंग राइडर व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 30.01.2021 | जयपुर | रजत |
| 7 | आशीष कुमार | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी (जूनियर राइडर वर्ग व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 8 | अंकित बठेश्वर | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी (जूनियर राइडर वर्ग व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 30.01.2021 | जयपुर | रजत |
| 9 | बलवंत सिंह | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (दाउशु व गुनशु स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | 2 स्वर्ण |
| | | | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (चंगक्वान स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | रजत |
| 10 | जिज्ञाशु वर्मा | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (52 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | स्वर्ण |
| 11 | गुरप्रीत सिंह | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (ताईचीकान स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | रजत |
| 12 | अभिज्ञा शर्मा | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (ताईचीकान व ताइचीजैन स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | रजत कांस्य |
| 13 | कृष्णा चौधरी | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (48 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | रजत |
| 14 | शिव कुमार | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता ( 45 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | रजत |
| 15 | मनोज बाजिया | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (80 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | कांस्य |
| 16 | कोमल कुमावत | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (52 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | कांस्य |
| 17 | मंजू चौधरी | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (60 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | कांस्य |
| 18 | शिप्रा राठौड़ | वुशू | 19वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक / बालिका प्रतियोगिता (56 क्रिग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 16.03.2021 | फतेहाबाद (हरियाणा) | कांस्य |
| 20 | करण सिंह | तलवारबाजी | 31वीं सीनियर नेशनल फेंसिग प्रतियोगिता (कोन्स्टेंटिन लोंचनोव स्पर्द्धा) | 21.03.2021 | दिल्ली | रजत |
| 21 | विश्रजीत एस्वाल | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता (80 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | रजत |
| 22 | प्राची रानी | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता (नांगू व नैनक्वान स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | रजत कांस्य |
| 23 | शाइन अब्राहम | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता ( 90 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | कांस्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | चिंरगी चौहान | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता ( 75 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | कांस्य |
| 25 | रजत प्रकाश गुप्ता | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता ( किंग्यीक स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | कांस्य |
| 26 | आयुष गुप्ता | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (24 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | स्वर्ण |
| 27 | अंकित कुमार | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (48 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | स्वर्ण |
| 28 | नीलम कुमावत | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (39 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | स्वर्ण |
| 29 | खुशी गुर्जर | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (42 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | स्वर्ण |
| 30 | दिव्यांशी | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (52 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | स्वर्ण |
| 31 | विहानराज सक्सेना | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (28 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत |
| 32 | कर्मवीर सिंह | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (60 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत |
| 33 | निरीक्षा कँवर | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (20 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत |
| 34 | ईशिता चौधरी | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (28 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत |
| 35 | हिमानी | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (32 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत |
| 36 | नितेश प्रजापत | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (दाओशु, गुन्शु व चांगक्वान स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | रजत रजत कांस्य |
| 37 | रोनित सैनी | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (32 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | रूद्र शर्मा | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (36 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 39 | ऋषि खांडल | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (39 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 40 | अमित कुमार खांडल | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (42 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 41 | तितिक्षा | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (24 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 42 | प्रियांशी गौतम | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (36 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 43 | सुर्याशी पडियारी | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (45 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 44 | मोहम्मद अकील | वुशू | 20वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वुशू प्रतियोगिता (कियान्शु–सी स्पर्द्धा) | 26.03.2021 | रांची झारखण्ड | कांस्य |
| 45 | शताब्दी अवस्थी | पैरा–एथलेटिक्स | 19वीं राष्ट्रीय पैरा–एथलेटिक्स प्रतियोगिता (एफ–55 कैटेगरी की शॉटपुट व जेवेलिन स्पर्द्धा) | 27.03.2021 | बेंगलुरू | 2 स्वर्ण |
| 46 | मंयक सिंह राठौड | तलवारबाजी | 122वीं राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता (सब जूनियर ईपी. बालक वर्ग स्पर्द्धा) | 28.03.2021 | ओडिशा कटक | रजत |
| 47 | पार्थवी ग्रेवाल | मुक्केबाजी | जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता (60 किलो भार वर्ग स्पर्द्धा) | 01.08.2021 | सोनिपत (हरियाणा) | कांस्य |
| 48 | सोनल सुखवाल | एथलेटिक्स | नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता (20 किमी रेस वॉक स्पर्द्धा) | 17.09.2021 | (वारंगल) आंध्रप्रदेश | स्वर्ण |
| | | | 60वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता (35 किमी रेसवॉक स्पर्द्धा) | 18.09.2021 | तेलंगाना | रजत |
| 49 | कचनार चौधरी | एथलेटिक्स | राष्ट्रीय अंडर'–23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता (शॉटपुट स्पर्द्धा) | 28.09.2021 | नई दिल्ली | रजत |
| 50 | दीपमाला | तीरंदाजी | 40वीं एनटीपीसी सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता | 08.10.2021 | जमशेदपुर | कांस्य |
| 51 | मुकेश चौधरी | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता (75 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | स्वर्ण |
| | | | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता | 12.10.2021 | भोपाल | स्वर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (75 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | | | |
| 52 | मेघा जोशी | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता ( 48 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | स्वर्ण |
| | | | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (75 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | स्वर्ण |
| 53 | अमन पारीक | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (48 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 54 | प्रखर कटारिया | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (52 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 55 | शुभम गोरा | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता (70 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | रजत |
| | | | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (70 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 56 | विजय भारद्धाज | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (90+ किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 57 | बलवंत सिंह | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (गुन्शु किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 58 | अभिजीत एसवाल | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (नंशे हाथ नानक्वान स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 59 | नक्षत्र जांगिड | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (नरम लचीला हथियार स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 60 | दिव्या यादव | वुशू | 29वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता ( 45 किलो. भार वर्ग स्पर्द्धा) | 25.02.2021 | मोहाली (पंजाब) | कांस्य |
| | | | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (45 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 61 | जाहवी मेहरा | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (52 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 62 | नीलम चौधरी | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (नंगुन स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 63 | मीनू सोनी | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (बगुआझांग स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 64 | प्रियंका सैनी | वुशू | 30वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (नंगे हाथ नानक्वान स्पर्द्धा) | 12.10.2021 | भोपाल | कांस्य |
| 65 | विनय प्रताप सिंह | निशानेबाजी | 64वीं नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (जूनियर शॉटगन डबल ट्रैप, व्यक्तिगत व टीम स्पर्द्धा ) | 15.10.2021 | | 2 स्वर्ण कांस्य |
| 66 | मनमोहन चौधरी | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (70 किग्रा भार वर्ग स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | रजत |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | गौरांग सैनी | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (विंगचून स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | रजत |
| 68 | सुनील कुमार महावर | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता ( जिन्नी कान स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | रजत |
| 69 | भानु प्रताप पारीक | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (चंग्कान, जियानशु व दोहरी स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | 3 कांस्य |
| 70 | जियांशु | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (डयुल स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 71 | चिराग परमार | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (डयुल स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 72 | अभिमन्यु पारीक | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (48 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 73 | राकेश | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (52 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 74 | कैफ मंसूरी | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (56 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 75 | हेमन्त गुर्जर | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (60 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 76 | शिप्रा | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (56 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 77 | महक शर्मा | वुशू | 20 वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (60 किग्रा स्पर्द्धा) | 26.10.2021 | जालंधर (पंजाब) | कांस्य |
| 78 | अरूंधति चौधरी | बॉक्सिंग | नेशनल प्रतियोगिता (70 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्द्धा) | 25.12.2021 | जालंधर (पंजाब) | स्वर्ण |
| 79 | मानवादित्य सिंह राठौड | निशानेबाजी | ओपन शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता (शॉटगन ट्रेप सीनियर पुरूष वर्ग स्पर्द्धा) | 11.11.2021 | जयपुर | रजत |
| 80 | राजू सिंह | घुडसवारी | एफईआइ वर्ल्ड ड्रेसेज चैलेंज प्रतियोगिता (घोड़े माता काली स्पर्द्धा) | 12.11.2021 | दिल्ली | रजत |
| 81 | जितेन्द्र सिंह | घुड़सवारी | एफईआइ वर्ल्ड ड्रेसेज चैलेंज प्रतियोगिता (घोड़े फ्रैंक हाइट स्पर्द्धा) | 12.11.2021 | दिल्ली | कांस्य |
| 82 | परमाराम | साईक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (व्यक्तिगत टाइम ट्रायल 30 किमी वर्ग स्पर्द्धा) | 27.11.2021 | हरियाणा | स्वर्ण |
| | | | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (120 किमी मास स्टार्ट रोड रेस स्पर्द्धा) | 29.11.2021 | हरियाणा | स्वर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 83 | हर्षिता जाखड | साइक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–16 बालिका 15 कि.मी टाईम ट्रायल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | हरियाणा | स्वर्ण |
| 84 | बसन्ती कुमावत | साइक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–14 बालिका 10 कि.मी टाईम ट्रायल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | हरियाणा | स्वर्ण |
| 85 | महावीर | साइक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–14 बालक 10 कि.मी टाईम ट्रायल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | हरियाणा | स्वर्ण |
| 86 | सीताराम बेनिवाल | साइक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–14 बालक 10 कि.मी टाईम ट्रायल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | हरियाणा | रजत |
| 87 | पंकज कुमार शर्मा | निशानेबाजी | 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (पिस्टल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण |
| 88 | किशन सिंह राठौड | निशानेबाजी | 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (पिस्टल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण |
| 89 | सचिन सिंह | निशानेबाजी | 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (पिस्टल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण |
| 90 | प्रद्युन सिंह | निशानेबाजी | 64वीं नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (10 मी. एयर पिस्टल जूनियर पुरूष वर्ग सिविलियन व्यक्तिगत स्पर्द्धा) | 28.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण |
| 91 | पंकज कुमार शर्मा | निशानेबाजी | 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (10 मी. एयर पिस्टल सीनियर पुरूष वर्ग टीम व 10मी. एयर पिस्टल यूथ पुरूष वर्ग स्पर्द्धा), | 28.11.2021 | नई दिल्ली | कांस्य |
| 92 | भावेश शेखावत | निशानेबाजी | शॉटगन नेशनल शुटिंग प्रतियोगिता (25 मी. रेपिड फायर पिस्टल स्पर्द्धा) | 29.11.2021 | दिल्ली | स्वर्ण |
| 93 | अनन्तजीत सिंह नरूका | निशानेबाजी | शॉटगन नेशनल शुटिंग प्रतियोगिता (52 अचूक निशाने स्पर्द्धा) | 29.11.2021 | दिल्ली | रजत |
| | | | नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (स्कीट सीनियर स्पर्द्धा) | 29.11.2021 | | रजत |
| 94 | दर्शना राठौड | निशानेबाजी | 64 वीं शॉटगन नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (महिला स्कीट सीनियर व्यक्तिगत व स्कीट जूनियर वर्ग स्पर्द्धा) | 25.11.2021 | पटियाला | स्वर्ण<br>कांस्य |
| | | | शॉटगन नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (व्यक्तिगत व मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा) | 30.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण<br>कांस्य<br>रजत |
| 95 | मुकेश चौधरी | वुशू | सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता | 12.12.2021 | भोपाल | स्वर्ण |
| 96 | सुंदर सिंह गुर्जर | पैरा–एथलेटिक्स | तीसरी पैरा ओपन एथलेटिक्स | 21.12.2021 | बेंगलुरू | स्वर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रतियोगिता | | | |
| 97 | शताब्दी अवस्थी | पैरा–एथलेटिक्स | तीसरी पैरा ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता | 21.12.2021 | बेंगलुरू | स्वर्ण |
| 98 | मुकेश कस्वां | साइक्लिंग | नेशनल साइक्लिग प्रतियोगिता (बॉयज जूनियर टीम स्प्रिंट व 3 किमी इंडीविजुअल परस्यूट स्पर्द्धा) | 25.12.2021 | जयपुर | 2 स्वर्ण |
| | | | नेशनल साइक्लिग प्रतियोगिता (जूनियर पॉइंट रेस स्पर्द्धा) | 29.12.2021 | जयपुर | रजत |
| 99 | खेता राम छिगा | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (2 किमी सब जूनियर बॉयज परस्यूट स्पर्द्धा) | 25.12.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 100 | हर्षिता जाखड़ | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (गर्ल्स परस्यूट स्पर्द्धा) | 25.12.2021 | जयपुर | रजत |
| 101 | विमला | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (सब–जूनियर कैटेगरी 500 मी. व सब जूनियर गर्ल्स 5 किलोमीटर स्क्रेच रेस स्पर्द्धा) | 26.12.2021 | जयपुर | स्वर्ण रजत |
| 102 | दिनेश खीचड | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (जूनियर कैटेगरी 7 किमी स्क्रैप रेस स्पर्द्धा) | 26.12.2021 | जयपुर | रजत |
| 103 | सीताराम | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (यूथ बॉयज कैटेगरी 2 किलो मी. इंडिविजुल परसूइट स्पर्द्धा) | 26.12.2021 | जयपुर | कांस्य |
| 104 | पूर्णचंद | साइक्लिंग | नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (एलिट बॉयज कैटेगरी स्पर्द्धा) | 26.12.2021 | जयपुर | कांस्य |

## राष्ट्रीय स्तर पर टीम स्पर्द्धा में वर्ष 2021–22 में पदकों का विवरण :–

| क्र. सं | खेल | प्रतियोगिता का विवरण | दिनांक | स्थान | पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (टीम स्पर्द्धा, गौरव जोशी, राकेश ग्वाला, नवीन पुनिया, ज्योति, कैप्टन मुकेश शकावत) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 2 | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (यंग राइडर व्यक्तिगत स्पर्द्धा रविन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, शांतनु व्यास) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 3 | घुड़सवारी | जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता (टीम स्पर्द्धा आशीष, कुमार, विश्वजीत सिंह, कंचन राठौड़) | 30.01.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| 4 | वॉलीबॉल | 43वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता (बालिका टीम स्पर्द्धा) | 02.03.2021 | वेल्लोर (तमिलनाडु) | रजत |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कबड्डी | 67वीं सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता | 02.03.2020 | जयपुर | कांस्य |
| | | 68वी सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता | 13.04.2021 | अयोध्या | कांस्य |
| 5 | हैण्डबॉल | 49वीं सीनियर पुरूष राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता (पुरूष टीम स्पर्द्धा) | 04.06.2021 | इंदौर | कांस्य |
| | | 44वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता (जूनियर बालिका वर्ग टीम स्पर्द्धा) | 13.09.2021 | लखनऊ | कांस्य |
| | | 37 वीं सब जूनियर बालक राष्ट्रीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता | 12.10.2021 | हैदराबाद | रजत |
| 6 | तीरंदाजी | सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (महिला रिकर्व वर्ग, प्राची सिंह, पल्लवी चौहान, वर्षा सोनी स्पर्द्धा) | 09.10.2021 | जमशेदपुर | कांस्य |
| | | सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (रिकर्व मिक्स टीम स्पर्द्धा) | 10.10.2021 | जमशेदपुर | कांस्य |
| | | राष्ट्रीय तीरंदाज प्रतियोगिता (रिकर्व मिक्स टीम स्पर्द्धा) | 17.10.2021 | टाटा नगर | कांस्य |
| 7 | साईक्लिंग | 26वीं रोड नेशनल साईक्लिंग प्रतियोगिता (महिलाओ एलीट 40 किलोमीटर टीम व अंडर–18 30 किलोमीटर टीम स्पर्द्धा) | 18.11.2021 | हरियाणा | 2 कांस्य |
| | | 26वीं रोड नेशनल साईक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–14 बीस किलोमीटर टीम व 18 बालक 40 किलोमीटर टीम टाइम स्पर्द्धा स्पर्द्धा) | 18.11.2021 | हरियाणा | 2 स्वर्ण |
| | | 26वीं रोड नेशनल साईक्लिंग प्रतियोगिता (अंडर–14 बॉयज टीम टाइम ट्रायल 20 किमी, बॉयज अंडर–18 टीम टाइम ट्रायल 40 किमी व वीमन एलीट टीम 40 किमी टीम टाइल स्पर्द्धा ) | 29.11.2021 | हरियाणा | 2 स्वर्ण कांस्य |
| | | 73वीं सीनियर, 50वीं जूनियर, 36 वीं सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (4 किमी टीम परस्यूट स्पर्द्धा, खेताराम चिगा, कपिल, परमारम मानव, महेंद) | 27.12.2021 | जयपुर | स्वर्ण |
| | | 73वीं सीनियर, 50वीं जूनियर, 36 वीं सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (4 किमी एलीट टीम स्पर्द्धा,) | 27.12.2021 | जयपुर | कांस्य |
| | | 73वीं सीनियर, 50वीं जूनियर, 36 वीं सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता (बालिका 4000 मी. टीम परस्यूट स्पर्द्धा, माया डूडी, रवीना, हर्षिता, परमेश्रवरी) | 27.12.2021 | जयपुर | कांस्य |
| 8 | निशानेबाजी | 64वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता (पिस्टल स्पर्द्धा) | 26.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 64वीं नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (10 मीटर एयर पिस्टल यूथ पुरूष वर्ग स्पर्द्धा, अभिनव चौधरी, मोहित सिंह, संदीप बिश्रोई व 10 मी एयर पिस्टल सीनियर पुरूष सिविलियन टीम स्पर्द्धा पंकज कुमार शर्मा पुष्पेन्द्र सिंह अभिनव चौधरी) | 28.11.2021 | नई दिल्ली | स्वर्ण<br>कांस्य |
| | | 64 वीं नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (10मी एयर पिस्टल टीम स्पर्द्धा, आध्या तायल कोशम्बिका चिलर आंशिका कंवर) | 05.12.2021 | भोपाल | रजत |
| | | नेशनल प्रतियोगिता (10 मी. एयर राइफल जूनियर मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा, दिव्यांश पंवार, आत्मिका गुप्ता) | 03.12.2021 | पटियाला | स्वर्ण |
| | | नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (शॉटगन ट्रैप सीनियर पुरूष वर्ग की टीम स्पर्द्धा, विवान कपूर, अधिराज सिंह राठौड, मानवादित्य सिंह राठौड) ( ट्रैप जूनियर वर्ग टीम स्पर्द्धा, विवान कपूर, विनय प्रताप सिंह, दिव्यांश धावरिया), | 10.12.2021 | पटियाला | 2 स्वर्ण |
| | | शॉटगन नेशनल शुटिंग प्रतियोगिता (50 मी. थ्री पोजीशन जूनियर टीम स्पर्द्धा, दिव्यांश पंवार, अमन चौधरी, दीपेन्द्र सिंह) | 29.11.2021 | दिल्ली | रजत |
| | | शॉटगन नेशनल शुटिंग प्रतियोगिता (50 मी. थ्री पोजीशन सिविलियन वर्ग टीम स्पर्द्धा, अमन चौधरी , हर्षवर्धन सिंह दीपेन्द्र सिंह) | 29.11.2021 | दिल्ली | रजत |
| | | शॉटगन नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (स्कीट सीनियर मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा, अनन्तजीत सिंह नरूका, दर्शना राठौड़) | 30.11.2021 | नई दिल्ली | कांस्य |
| | | 64 वीं शॉटगन नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (सीनियर टीम स्पर्द्धा, माहेश्वरी चौहान, शम्भवी कुमारी,) | 25.11.2021 | पटियाला | रजत |
| | | 64 वीं नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता (10 मी. राइफल स्पर्द्धा, निशा कंवर, माननी कौशिक, आत्मिका गुप्ता) | 01.12.2021 | भोपाल | कांस्य |
| | | 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल (पुरूष सिविलियन स्पर्द्धा, हिम्मत सिंह राजावत, भूपेन्द्र सिंह राठौड, पवन कुमार शर्मा) | 01.12.2021 | दिल्ली | कांस्य |
| 9 | खो—खो | 31वीं सब जूनियर अंडर—14 राष्ट्रीय खो—खो प्रतियोगिता (बालिका टीम स्पर्द्धा) | 01.12.2021 | हिमाचल प्रदेश | कांस्य |

सत्यमेव जयते

# राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)

# प्रगति प्रतिवेदन

# (सत्र 2021—22)

**प्रस्तावना :–**

राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जो कि प्रदेश में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियंत्रण में राज्य में युवाओं के विकास की सर्वोच्च संस्था है। युवा बोर्ड, कार्यरत है जो कि **स्वायतशासी अनुदानित संस्था है।** युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, रोजगार, विज्ञान व तकनीकी में दक्षता, कार्यकुशलता व्यक्तिव विकास राजस्थान राज्य युवा बोर्ड का मुख्य ध्येय है।

साथ ही राजस्थान युवा बोर्ड का मुख्य उदेद्श्य''राज्य युवा नीति एवं राष्ट्रीय युवा नीति'' के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न युवा विकास कार्यक्रमों करके जैसेः–

1. एक उत्पादक कार्मिकशक्ति का सृजनः–शिक्षा, उद्यमिता, रोजगार तथा कौशल विकास।
2. एक सुदृढ़ व स्वस्थ पीढ़ी का विकासः–स्वास्थ्य, एवं स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली, खेलकूद।
3. सामाजिक मूल्य सिखना तथा सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देनाः–सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना, सामुदायिक सहभागिता।
4. भागीदारी तथा लोक सहभागिता हेतु सुगमता प्रदान करनाः– राजनीति तथा प्रशासन में भागीदारी, युवाओं की सहभागिता।
5. जोखिमग्रस्त युवाओं की सहायता तथा सबके लिए समान अवसरों का सृजनः–समावेशन, सामाजिक न्याय।

अतः राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा विभिन्न युवा विकास कार्यक्रमों का आयोजन करके राज्य के युवाओं को उनकी पूरी क्षमताएं प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने तथा उनके माध्यम से राज्य को विश्व समुदाय में उचित स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाये जाने का प्रयत्न करता है।

# राजस्थान युवा बोर्ड का संगठनात्मक ढांचा

## 1. राजस्थान युवा बोर्ड का गठनः –

प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश दिनांक 25.01.2003 द्वारा राज्य में युवा बोर्ड के गठन का आदेश जारी किया गया।

**राजस्थान सरकार**
**प्रशासनिक सुधार ( अनुभाग 3) विभाग**

क्रमांक : पं.6(5) प्र.सु. / अनु–3 / 2003 जयपुर दिनांकः 25.01.2003

**आज्ञा**

राज्यपाल महोदय से राज्य स्तर के युवा केन्द्र बोर्ड का गठन निम्नानुसार किए जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती हैः–

1. राज्य सरकार द्वारा मनोनीत अध्यक्ष
2. पदेन सदस्य (आठ)
   i. प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग या उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि, जो उप सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी नहीं हो।
   ii. शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग या उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि, जो शासन उप सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी नहीं हो।
   iii. महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
   iv. आयुक्त, भारत स्काण्उट एवं गाइड, राजस्थान, जयपुर।
   v. उप महानिदेशक, राष्ट्रीय केडट कोर NCC.), राजस्थान, जयपुर।
   vi. अध्यक्ष, राज्यस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, जयपुर।
   vii. जोनल, प्रोग्राम एडवाइजर, राष्ट्रीय सेवा योजना, NSS.) जयपुर।
   viii. मण्डल निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, जयपुर।
3. अधिकतम 12 (गैर सरकारी) सदस्य
4. राज्य सरकार द्वारा प्रतिनिधि अधिकारी सदस्य सचिव

## 2. जिला युवा बोर्ड का गठनः–

राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश दिनांक 29.07.2004 के द्वारा जिलों में जिला स्तर पर युवा बोर्ड के गठन का आदेश जारी किया गया। जिला युवा बोर्ड के अध्यक्ष जिला कलक्टर होते है तथा इसमें अधिकतम 4 गैर सरकारी सदस्यों व 6 पदेन सदस्यों का प्रावधान है।

**राज्यस्थान सरकार**
**प्रशासनिक सुधार अनु– 3 विभाग**

क्रमांक प. 6(27) प्र. स./ अनु.–3/2004 जयपुर दिनांकः

आज्ञा

महामहिम राज्यपाल महोदय, द्वारा जिलों में जिला स्तर पर युवा बोर्ड के गठन निम्नानुसार किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला कलक्टर– | अध्यक्ष |
| 2. | उप निर्देशक, राष्ट्रीय केडिट कोर– | सदस्य |
| 3. | कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना– | सदस्य |
| 4. | सी.ओ. स्काण्उट एवं गाइड– | सदस्य |
| 5. | जिला शिक्षा अधिकारी– | सदस्य |
| 6. | खेल अधिकारी, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र– | सदस्य |
| 7. | समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र– | सदस्य सचिव |
| 8. | गैर सरकारी सदस्य (अधिकतम –चार) (जिला कलक्टर द्वारा) | सदस्य |

## 3. राजस्थान युवा बोर्ड के उद्देश्य :–

1. राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता तथा साम्प्रदायिकता सद्भाव के लिए युवाओं की भागीदारी की विशेष कार्य योजना तैयार करना ताकि राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी निश्चित हो सके।
2. युवाओं में देश एवं राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक धरोहर के प्रति चेतना जागृत करना।
3. राष्ट्र और समाज के समन्वित विकास में युवकों तथा युवतियों को प्रेरित एवं सम्मिलित करने हेतु कार्यक्रम तैयार करना।
4. युवाओं में अहिंसा, सामूहिक श्रमदान, खादी ग्रामोद्योग एवं रचनात्मक कार्यों के लिए चेतना जागृत करना।
5. युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नीति निर्धारण हेतु राज्य सरकार को परामर्श करना।
6. युवाओं में भावी नेतृत्व के गुणों का विकास करना।
7. राज्य के विभिन्न विभागों तथा सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित समन्वय स्थापित करना।
8. राज्य में युवकों के लिए चल रहे कार्यक्रम का मूल्यांकन करना।
9. युवाओं के लिए रोजगार के वैकल्पिक उपाय खोजना तथा बेरोजगार युवकों की सकारात्मक दिशा हेतु प्रेरित करना।
10. युवाओं को सामाजिक कुरीतियों से लड़ने हेतु प्रेरित करना तथा उन्हें सामाजिक सेवा की गतिविधियों में प्रेरित करना।
11. शिक्षण संस्थाओं में बेहतर वातावरण तैयार करने के उपायों पर चर्चा करना एवं इस हेतु बनायी जाने वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना।
12. युवा साहित्यकारों, कलाकारों तथा शिल्पियों आदि की पहचान कर उनको सम्मानित करने हेतु कार्य योजना तैयार करना।
13. युवा शक्ति को खेलकूद व अन्य शारीरिक गतिविधियों के रचनात्मक कार्यों में लगाना।
14. गांधीदर्शन को वर्तमान परिपेक्ष्य में अंगीकार करना।
15. युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा न्याय की भावना जागृत करना।
16. युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दृष्परिणामों से परिचित करा कर उनमें नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना।
17. युवाओं को राज्य के आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सक्रिय भागीदार हेतु प्रेरित करना।
18. युवा बोर्ड के लिए उपलब्ध बजट प्रावधानों के अनुसार योजनाबनाना एवं उनका क्रियान्वयन करना ।

**स्वीकृत–कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरणः–**

1. सदस्य सचिव–प्रतिनियुक्ति (कार्यरत)
2. एक सहायक लेखाधिकारी I– प्रतिनियुक्ति पर (कार्यरत)
3. एक निजी सहायक– प्रतिनियुक्ति (रिक्त)
4. एक वरिष्ठ लिपिक– प्रतिनियुक्ति (रिक्त)
5. दो कनिष्ठ लिपिक– प्रतिनियुक्ति (रिक्त)
6. तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–प्रतिनियुक्ति (रिक्त)

- दो कम्प्यूटर ओपरेटर संविदा पर (कार्यरत)
- दो च.श्रे. कर्मचारी संविदा पर–(कार्यरत)

## स्वीकृत बजट :–

**(राशि रू. लाखों में)**

| क्र.सं | वित्तीय वर्ष | युवा बोर्ड राशि संवेतन/गैर–संवेतन | युवा विकास गतिविधियां | निर्माण कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2018–19 | 70.00 | 172.00 | – |
| 2 | 2019–20 | – | – | – |
| | 2020–21 | – | – | |
| 3 | 2021–22 | 60.00 | | बजट घोषणा–2021–22 यूथ हॉस्टल उदयपुर, जोधपुर, अजमेर की साज–सज्जा व सुदृढ़ीकरण के कार्य एवं यूथ हॉस्टल, जयपुर को 'यूथ एक्सीलेंस सेंटर' हेतु राशि 488.00 लाख रूपये स्वीकृत |

**सत्र 2021–22 में किये गये प्रमुख कार्यः–**

1. **राज्य युवा महोत्सव–2020–21–**भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार) जयपुर द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव दिनांक 6–7 जनवरी, 2021 को कृषि प्रबन्धन केन्द्र, दुर्गापुरा, जयपुर में कोविड–19 की गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताएं–गायन,नृत्य, क्षेत्रीय पोशाक आकर्षक प्रदर्शन, नाटक, दृश्य कला, अभिव्यक्ति कला, ज्ञान सत्र, एवं योगा में राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन एवं विडियों मांगे गये। जिनका चयन राज्य स्तर पर ख्याति

प्राप्त निर्णायकगणों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से विडियों देखकर प्रत्येक विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय युवा कलाकारों का चयन किया गया पुररस्कृत किया गया।

2. **24वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव**–भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12–18 जनवरी, 2021 तक Virtual / hybrid mode पर आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता गायन,नृत्य, क्षेत्रीय पोशाक आकर्षक प्रदर्शन, नाटक, दृश्य कला, अभिव्यक्ति कला, ज्ञान सत्र, एवं योगा में ऑनलाईन भाग लिया। राजस्थान दल ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में से 8 प्रतियोगिताओं–समूह लोक नृत्य, कथक, आशुभाषण में प्रथम स्थान, ज्ञान सत्र (परिचर्चा) में द्वितीय स्थान एवं पोशाक शो (परम्परागत व आधुनिक), एक्प्रेसन आर्ट, नोलज सैशन व योगा में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर राजस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

3. **युवा दिवस**–युवाओं के प्रेरणादायक महान दार्शनिक ''स्वामी विवेकानन्द जी की 157वीं जयन्ति समारोह 12 जनवरी, 2022 को जिला युवा बोर्ड द्वारा मनाया गया, जिसका उद्‌देश्य राज्य के युवाओं को स्वामी जी के सिद्धान्तों एवं आदर्शो से सर्वांगीण विकास के लिए एक राज्य स्तरीय समागम करना है, जो युवा पीढ़ी को सक्षम मंच प्रदान कर जाति, क्षेत्र, लिंग एवं धर्म आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर नैतिक मूल्य स्थापित करने को प्रेरित करना है।

4. **युवा प्रेरणा कार्यक्रम**– माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2019–20 की बिन्दु संख्या– 136 Youth Motivation Programme के क्रियान्वयन हेतु युवाओं को सही दिशा दिखाने, निरन्तर नया करने की प्रेरणा देने एवं बड़ी सोच रखने के लिए दिनांक 20.03.2021 को ''राज्य स्तरीय युवा प्रेरणा कार्यक्रम'' विडियों कॉन्फ्रेंस (VC) के माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें राज्य के 15–29 मध्य आयु वर्ग के समस्त जिलों से लगभग 900 युवाओं एन.वाई.के.एस., एन.एस.एस., एन.सी.सी., राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्वयं सेवकों एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता, युवा कलाकारों, प्रतिभाशाली युवाओं एवं खिलाड़ियों आदि युवाओं ने सहभागिता की गई।

5. **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्तीवर्ष**–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य पर समस्त जिलों मेंजिला युवा बोर्ड के माध्यम से जन चेतना कार्यक्रम,स्वच्छता रैली, प्लास्टिक मुक्त,नशामुक्ति कार्यक्रम, जगरूकता रैली, रक्तदान शिविर, प्लास्टिक फ्रि इण्डिया, संगोष्ठि, श्रमदान, धार्मिक स्थलों एवं महापुरूषों की मूर्तियों की सफाई, जल स्त्रतों की सफाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

6. **आउट ऑफ स्कूल यूथ एक दिवसीय पीयर एज्यूकेटर प्रशिक्षण**–राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा राज्य के 15–29 मध्य आयु वर्ग के युवाओं को एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में ''आउट ऑफ स्कूल यूथ एक दिवसीय पीयर एज्यूकेटर प्रशिक्षण'' कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर मे दिनांक 13.09.2021 को आयोजित किया गया, जिसमें जयपुर, अलवर, अजमेर जिले से लगभग 100 युवाओं ने सहभागिता की है।

7. **कोविड–19 में जन चेतना कार्यक्रम**– नो मास्क नो एन्ट्री अभियान चलाया गया जिसमें पोस्टर, दिवार लेखन, रैलियाँ, क्यूज प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टी.वी., वेबीनार आदि कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र संगठन, स्काउट व गाइड, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के स्वयं सेवक एवं युवा खिलाड़ियों के माध्यम से की गई।

8. **वैक्सीनेशन जन चेतना कार्यक्रम–** राजस्थान युवा बोर्ड के द्वारा कोराना महामारी के संबंध में राज्य में व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया जिसमें मास्स लगाना, सोशल डिस्टेस, सेनेटाईज, वैक्सीनेशन के संबंध में जन चेतना की गई जिसमें यूनिसेफ संस्थाओं से भी सहयोग लिया गया।

9. **एक यूथ–एक पौधा–** पर्यावरण संरक्षण स्वस्थ राजस्थान–हरित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने हेतु **''एक यूथ–एक पौधा'' घर–घर औषधि योजना** कार्यक्रम के तहत सचिव, जिला युवा बोर्ड के माध्यम से (एन.वाई.के.एस, एन.एस.एस., भारत स्काउट व गाइड, एन.सी.सी.) सचिव, जिला युवा बोर्ड, युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं जिला खेल अधिकारी, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सहयोग से प्रत्येक जिले में स्थान चयनित कर 3000 पौधे लगाकर ''राजीव गांधी वन वाटिका'' बनाया गया।

10. **युवा संसद**–जन घोषणा बिन्दु सख्या 19.2 युवा बोर्ड को प्रभावी बनाना तथा उसके माध्यम से बेरोजगार युवको की सहायता हेतु विशेष नीति का निर्धारण–नवीन राज्य युवा नीति के प्रारूप को अन्तिम रूप देने हेतु माननीय मंत्री महोदय, युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार ''युवा संसद'' (नवीन युवा नीति पर राज्य स्तरीय परिसंवाद कार्यक्रम) दिनांक 25.11.2021 को इंदिरागांधी पंचायतीराज संस्थान, जे.एल.मार्ग, जयपुर में आयोजित किया गया है जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सरकारी एवं यूनिसेफ, यूएनएफपीए, गैर संस्थाओं के स्वयं सेवक, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, प्रतिभाशाली युवा, एन.एसी.एसी. एन.एस.एस., भारत स्काउट एण्ड गाइड, एन.वाई.के.एस. के पदाधिकारी, सहित लगभग 250 युवाओं ने सहभागिता की है।

11. **फिट इण्डिया फ्रिडम रनः–** फिट इण्डिया फ्रिडम रन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला युवा बोर्ड एवं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवाओं को फिट रहने हेतु दौड, प्रभात फेरी एवं जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किये गये।

12. **अमृत महोत्सव–** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला युवा बोर्ड एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन के द्वारा मैराथन दौड़, प्रभात फेरी, कोविड–19 जन चेतना कार्यक्रम आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**''राज्य के युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम कर उनका सर्वागीण विकास करना ही राजस्थान युवा बोर्ड का मुख्य उद्‌देश्य है।''**